an>

Title: Need to start flight operation from Satna Airport in Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : सभापति महोदय, सबसे पहले मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपने शून्यकाल में मुझे मेरा विषय उठाने की अनुमति दी। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय का ध्यान सतना हवाई अड्डे को राष्ट्रीय हवाई परिचालन सेवा में जोड़े जाने के संबंध में आकर्षित कराना चाहता हूं। भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने देश के 50 उन हवाई अड्डों को, जिनमें हवाई सेवाएं संचालित हैं, ऐसे हवाई अड्डों को राष्ट्रीय हवाई सेवाओं के परिचालन नेटवर्क में जोड़े जाने का ऐलान किया है। मैं लोक सभा क्षेत्र सतना, मध्य प्रदेश से आता हूं। वहां से वर्तमान में वेंचुरा एयरक्राफ्ट का परिचालन भोपाल, सिंगरौली, वाराणसी के लिए हवाई सेवा संचालित है। उस हवाई अड्डे को नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा एक अनुबंध के तहत राज्य शासन को संचालन एवं संवर्धन के लिए दिया हुआ है। सतना हवाई अड्डे का द्वितीय विश्व युद्ध के समय निर्माण किया गया था।   अतः मेरी उड्डयन मंत्रालय से मांग है कि राष्ट्रीय परिचालन नेटवर्क में सतना हवाई अड्डे को भी शामिल किया जाए तथा एयर इंडिया की हवाई यात्रा प्रारम्भ की जाए। हमारा जिला एक औद्योगिक जिला है, जहां देश का एक-तिहाई सीमेन्ट का उत्पादन होता है और बड़ी संख्या में यहां से दिल्ली, भोपाल, मुम्बई, कोलकाता जाने वाले यात्रियों को हवाई सेवाओं से जोड़े जाने की लम्बे समय से मांग की जा रही है।

महोदय, इसी तरह से एक दूसरा विषय यह है कि मेरे पड़ोस मे खजुराहों हवाई अड्डा है। यहां पिछले तीन-चार साल से एक नया टर्मिनल बनाया जा रहा है, वह आज तक पूरा नहीं हुआ है। इसमें न जाने अभी और कितना समय लगेगा। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय से जानना चाहूंगा कि यह हवाई अड्डा कब तक पूरा हो जायेगा।

<u>19.00 hrs.</u>